तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

4 सरकारी कानून को आज भी लोग दिखाते हैं ठेंगा,नाबालिग का कर रहे थे विवाह





## खबर संक्षेप

### 2 को खरसिया में दिलीप और नयन का आगमन

**खरसिया।** धर्म की नगरी खरसिया में इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। 280 वर्षों से अधिक प्राचीन मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर जो कि गंज बाजार खरसिया में स्थित है। हनुमान जन्मोत्सव हेतु तैयारियां जोर शोर से प्रारंभ हो चुकी है। इस वर्ष भक्तों को अपने भजनों से रिझाने उदयपुर के नयन नंदवाना खरसिया आ रहे जिनके सैकड़ों भजन विश्व में प्रसिद्ध है नयन जी का आगमन प्रथम बार छत्तीसगढ़ में होने जा रहा है। वही छत्तीसगढ़ी जासगीत के जादूगर कोरी कोरी नारियल चढ़ेए आमा पान के पत्तरि ए पाताल चटनी जैसे अनेकों प्रसिद्ध भजनों के गायक दिलीप सड़ंगी का भी आगमन धर्म की नगरी खरसिया में होने जा रहा है। वही बता दे आपको की प्रातः 9 बजे मनोकामना निशान यात्रा बाबा के भजनों के साथ बाजों गाजे के साथ गंज बाजार से निकलेगी। एवं दोपहर में रायगढ़ की भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड किया जाएगा एवं संध्या में बाबा का जन्मोत्सव मंदिर प्रांगण में मनाया जाएगा। वही रात्रि 6 बजे से भजनों की अमृत वर्षा विश्व प्रसिद्ध गायकों द्वारा की जाएगी। साथ ही फूलों की होलीए अलौकिक दरबारए भव्य श्रृंगारए फूल मालों से लाइटिंग से साज सजावट कलकत्ता के कलाकारों द्वारा किया जाएगी । सियाराम सखा मंडल के सभी युवा पूरे जोर शोर से तैयारी में जुटे हुए है। सियाराम सखा मंडल के प्रमुख मनोज गोयल ने बताया कि नगर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर काफी उत्साह है और हम हर वर्ष प्रयास करते है कि बाबा का जन्मोत्सव और धूम धाम से मनाया जाए उसी प्रयास में इस वर्ष भी सभी तैयारियां जोरो शोरों से चल रही है।

### दुष्कर्म, छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को लैलूंगा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। दूसरी घटना में पूंजीपथरा पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। लैलूंगा थाना क्षेत्र में 25 मार्च को एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 20 वर्षीय बेटी के साथ गांव के नरसिंह खलखो 67 वर्ष द्वारा दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने बताया कि करीब 6-7 माह पूर्व आरोपी घर में घुस आया, उस समय वह अकेली थी। आरोपी ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने कई दिनों तक डराकर दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने परिजनों को दी, जिसके बाद ग्राम स्तर पर बैठक के पश्चात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लैलूंगा पुलिस द्वारा धारा 69 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पीड़िता की निजता का ध्यान रखते हुए महिला पुलिस अधिकारी से बयान एवं मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपी नरसिंह खलखो 67 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### शोभायात्रा में कटप्पा, आदिवासी नृत्य, कर्मा और कलाकारों की करामात से भरा रोमांच

# नंदी पर बैठे पार्वती के साथ भगवान भोलेनाथ रथ पर प्रभु श्रीराम-जानकी और हनुमान







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नंदी में बैठे पार्वती के साथ भगवाना भोलेनाथ, रथ पर सवार प्रभु श्रीराम-जानकी और हनुमान। यह झांकी बरबस ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा था। कटप्पा, आदिवासी नृत्य, सुआ नृत्य और तलवारबाजी ने रोमांच बढ़ा दिया। यह सब मनोहारी दृश्य रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार की देर शाम शहर में निकली शोभायात्रा के दौरान देखने को मिला। इस दौरान कोने-कोने तक जय श्रीराम का नारा गूंजित होता रहा। शहर के हर चौक-चौराहों से गुजर रहे शोभायात्रा का लोगों ने स्वागत किया। करीब 60 समाज की अलग-अलग झांकिया मन को आनंदित कर रहे थे। शोभायात्रा के दौरान पूरा शहर राममय हो गया। कई तरह की झांकियां, अलग-अलग और आकर्षक परिधानों में सजे छोटे और युवाओं की टोली भी आकर्षक का केंद्र रहा। हर मोहल्ले से अलग—अलग समूहों में झांकियां निकाली गई। पंजाब का पाइप बैंड





और दिगर जिलों से आए डीजे वालों की लाइटिंग ने लोगों का मन मोह लिया। कुल मिलाकर शहर में निकाली गई शोभायात्रा की मनोहारी दृश्य लोगों को मोहित कर रहा था।

## एनटीपीसी करेगा महाराष्ट्र से दमन-द्वीप तक बिजली आपूर्ति तीसरे फेज के लिए को 540 एकड़ जमीन की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



तीसरे फेज के लिए एनटीपीसी लारा को 540 एकड़ जमीन की जरुरत होगी। इसकी टेंडर की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। सबकुछ ठीक रहा तो जमीन अधिग्रहण के बाद काम भी चालू हो जाएगा। वहीं दूसरे फेज का काम भी मार्च 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में 16 सौ मेगॉवाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। दूसरे चरण में भी 16 सौ मेगॉवाट बिजली उत्पादन किया जाएगा। खास बात यह है कि उत्पादन चालू होने के बाद छत्तीसगढ़ को जहां 50 फीसदी बिजली दी जाएगी। वहीं महाराष्ट्र से लेकर गुजरात, गोवा, दमन और दीप, दादर और नगर हवेली तक आपूर्ति की जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को प्रेस से चर्चा करते हुए एनटीपीसी लारा के प्रोजेक्ट हेड सुभाष ठाकुर ने दी। प्रोजेक्ट हेड श्री ठाकुर ने बताया कि तीसरे फेज की योजना भी बन गई है। इसके लिए करीब 540 एकड़ जमीन की जरुरत होगी। इसका अधिग्रहण होने के बाद काम चालू हो जाएगा। अभी टेंडर की प्रकिया चल रही है। शुक्रवार को एनटीपीसी लारा की ओर से प्रेस मीट का आयोजन किया गया था। इस दौरान प्रोजेक्ट प्रोजेक्ट हेड सुभाष ठाकुर ने बीते साल की उपलब्धियों को साझा किया। साथ ही आने वाले समय में एनटीपीसी लारा के दो नए प्रोजेक्ट की जानकारी भी दी। एनटीपीसी लारा द्वारा किस तरह अपने सामाजिक जिम्मदारियों को निभा रहा है, इसकी जानकारी भी। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और ग्रामीणों की स्कील्स को लेकर किए जा रहे कार्यो की चर्चा भी उन्होंने किया। प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर किए गए उपायों की जानकारी दी। फ्लाईऐश का उपयोग किस तरह किया जाता है इसकी भी चर्चा की गई। रोजगार को लेकर श्री ठाकुर ने कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाती है। कुछ काम कौशल आधारित होती है, उसमें योग्यता देखना जरुरी होता है। इस दौरान एचआर हेड जाकीर खान के साथ एनटीपीसी लारा के अन्य अधिकारी मौजद रहे।




## महिला पुलिस से बदसलूकी, दो और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 9 पहुंच चुके हैं जेल

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र के सीएचपी चौक लिबरा में धरना प्रदर्शन के दौरान महिला आरक्षक के साथ मारपीट, बदसलूकी, अमानवीय व्यवहार और लूटपाट की गंभीर घटना में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। घटना के दौरान आरोपियों ने न केवल ड्यूटीरत महिला पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता की, बल्कि पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल भी किया था। घटना के संबंध में थाना तमनार में दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं सहित आईटी एक्ट की धारा 67, ए के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पूर्व में 7 आरोपी मंगल राठिया, निवासी ग्राम आमगांव, चिनेश खमारी, निवासी ग्राम आमगांव, प्रेमसिंह राठिया, निवासी



ग्राम आमगांव, कीर्ति श्रीवास, निवासी ग्राम आमगांव तथा वनमाली राठिया, निवासी ग्राम झरना, कन्हैया राठिया निवासी झरना, चित्रसेन साहू निवासी झरना की पहचान हुई जो महिला पुलिसकर्मी से मारपीट, अभ्रदता और लूटपाट में शामिल थे जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। गारे-पेलमा सेक्टर-1 कोयला खदान के विरोध में 12 दिसंबर 2025 से ग्रामीणों द्वारा सीएचपी चौक, लिबरा में आर्थिक नाकेबंदी करते हुए धरना.प्रदर्शन किया जा रहा था। 27 दिसंबर को जब पुलिस प्रशासन मार्ग बहाल कराने पहुंचा तब भीड़ उग्र हो गई और पुलिस बल पर हमला कर दिया, जिसमें कई जवान घायल हुए। इसी दौरान महिला आरक्षक के साथ गंभीर आपराधिक कृत्य किया गया। घटना दिनांक को अलग-अलग घटनाओं पर थाना तमनार में 16 मामला दर्ज किया गया था। अलग-अलग विवेचनाधिकारी नियुक्त किए गए थे। महिला पुलिसकर्मी से जुड़े इस संवेदनशील प्रकरण में वायरल वीडियो की विशेष जांच की जा रही थी। इसी दौरान गवाहों के कथन एवं तहसीलदार के समक्ष पंचनामा के आधार पर वीडियो बनाने वाले आरोपी की पहचान संजय मेहर निवासी बिजना, के रूप में हुई, जो घटना के बाद से गिरफ्तारी से बचने फरार था। पुलिस द्वारा उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने मोबाइल से वीडियो बनाकर अपने साथी माधव गुप्ता उर्फ माधो बीसी निवासी नागराडा को भेजा था। माधव गुप्ता, जो पेशे से टीवी मैकेनिक है, ने उक्त वीडियो को विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में वायरल किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए माधव गुप्ता को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। दोनों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### 240 नव दंपतियों को मुख्यमंत्री देंगे आशीर्वाद



**जशपुरनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत 28 मार्च को जिले के 240 जोड़ो का विवाह रणजीता स्टेडियम जशपुर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद देंगे। विवाह से पूर्व कन्याओं को मेंहदी एवं हल्दी और संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया इसके साथ ही बेटियों का मयाली नेचर कैंप में प्री वेडिंग सूटिंग का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा को 50 हजार की राशि का प्रावधान इसमें 35 हजार का चेक दिया जाता है और 7 हजार की वैवाहिक सामग्री इसके साथ ही 8 हजार का वैवाहिक आयोजन में खर्च किया जाता है।

### फूड हैंडलर्स, खाद्य संचालकों को मिलेगा खाद्य सुरक्षा का प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशों के अनुरूप खाद्य व्यवसाय संचालकों एवं फूड हैंडलर्स के लिए निःशुल्क फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 मार्च को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, जशपुरनगर में दो सत्रों में संपन्न होगा। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आयोजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया जाएगा, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, जशपुर अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य योजनाओं में कार्यरत सहायिकाएं, फूड हैंडलर्स एवं संबंधित कर्मचारी भाग लेंगे। इसी प्रकार द्वितीय सत्र का आयोजन दोपहर 1.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक किया जाएगा। इस सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) एवं अन्य योजनाओं में संलग्न रसोइए, फूड हैंडलर्स एवं कर्मचारी साथ ही आदिम जाति एवं जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित स्कूलों, छात्रावासों एवं अन्य योजनाओं में कार्यरत रसोइए, फूड हैंडलर्स एवं कर्मचारी शामिल होंगे।

### नया खंभा लगाकर बहाल की गई बिजली आपूर्ति

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कुनकुरी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम झरियाडिप्पा में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन की सूचना प्राप्त होने पर बिजली लाइन को सुधारकर सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया है। विद्युत विभाग के कुनकुरी कार्यपालन यंत्री ने बताया कि 22 मार्च 2026 की रात्रि में एक मकान निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी मशीन से गिट्टी उठाने के समय लापरवाहीवस विद्युत खंभा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे विद्युत तार जमीन पर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और सुरक्षा की दृष्टि से लाइन को तुरंत बंद कर क्षेत्र को सुरक्षित किया गया। इसके पश्चात विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त खंभे को हटाकर नया खंभा स्थापित किया गया तथा विद्युत लाइन को दुरुस्त कर पुनः चालू कर दिया गया। पूरी प्रक्रिया त्वरित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न की गई, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल हो सकी।

### अंडर-23 ट्रायल्स एवं अंडर-16 बोन टेस्ट की तैयारियां जोरों पर

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 के लिए युवा क्रिकेटरों के चयन ट्रायल्स एवं मेडिकल टेस्ट की रूपरेखा तैयार कर ली है। पुरुष एवं महिला अंडर-23 श्रेणी के राज्य स्तरीय ट्रायल्स अप्रैल में रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होंगे, जबकि अंडर-16 खिलाड़ियों के लिए बोन टेस्ट जिला स्तर पर निर्धारित तिथियों पर कराए जाएंगे। पुरुष अंडर-23 ट्रायल्स 4 अप्रैल को होगा। महिला अंडर 23 एवं सीनियर ट्रायल्स 9 अप्रैल को निर्धारित हैं।

## नगाड़ों की गूंज और भजनों की धुन पर झूम उठा जशपुर

# रामनवमीं शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





रामनवमी पर्व पर इस वर्ष जशपुर में निकली शोभायात्रा ने आस्था, उत्साह और जनभागीदारी के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। शहर की सड़कों पर भगवा ध्वजों की लहर, नगाड़ों की गूंज और "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हर वर्ग, हर समाज और हर गांव से उमड़ी भीड़ ने इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप दे दिया।

बरटोली, भागलपुर, चांपाटोली, बधिमा, काईंकछार सहित आसपास के लगभग 30 गांवों से निकली ध्वज यात्राएं जब शहर पहुंचीं, तो पूरा जशपुर मानो एक विशाल आस्था केंद्र में तब्दील हो गया। दोपहर 2 बजे से ही बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया था और देखते ही देखते पूरा इलाका खचाखच भर गया।हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में श्रद्धालु डीजे की धुन पर भगवान राम के भजनों पर थिरकते नजर आए। वहीं पारंपरिक लोक वाद्य दलों की थाप, नगाड़ा वादक दल की दमदार प्रस्तुति और बैंड पार्टी की धुनों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। भजन मंडलियों ने जहां मधुर भजनों से श्रद्धा का संचार किया, वहीं अखाड़ा दलों ने शौर्य प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तलवारबाजी, लाठी-कला और पारंपरिक युद्धकौशल के प्रदर्शन ने युवाओं में जोश भर दिया।

#### घंटों तक थमी रही शहर की रफ्तार

शोभायात्रा की विशालता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक ही स्थान से अलग-अलग जत्थों के गुजरने में एक घंटे से अधिक का समय लग गया।

## ढोल नगाड़ों की थाप पर सोगड़ा आश्रम में मना रामनवमीं पर्व



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर रामनवमी का पर्व सोगड़ा आश्रम में बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर आश्रम परिसर पूरी तरह से भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। रामनवमी के अवसर पर सोगड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ढोल-नगाड़े लेकर आश्रम पहुंचे। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हाथ में निशान और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के साथ पहुंचे भक्तों ने पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। परिक्रमा और भक्ति का संगम आश्रम प्रांगण में मौजूद श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ झूमते हुए नजर आए। भक्तों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर अघोरेश्वर महाप्रभु की विधि-विधान से परिक्रमा की। इस दौरान पूरा आश्रम परिसर जयकारों से गूंज उठा और माहौल पूरी तरह अध्यात्मिक हो गया। आयोजन में पहुंचे लोगों ने महाप्रभु का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

#### मनसा देवी में श्रद्धालुओं का अनूठा प्रदर्शन

शोभायात्रा में शामिल मनसा देवी मंदिर के अनुयायियों ने अपने शरीर पर त्रिशूल धारण कर आस्था का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। मधुबनटोली सहित अन्य क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के जत्थों ने भी भक्ति और ऊर्जा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

## जय श्री राम के जयकारों से गूंजा पत्थलगांव



**पत्थलगांव।** रामनवमी पर नगर में आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में रामभक्त भगवा वस्त्र धारण कर शामिल हुए। "जय श्री राम" के गगनभेदी नारों से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया।

शोभायात्रा की शुरुआत स्थानीय सतनारायण मंदिर से हुई, जहां पंडित भक्ता महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम की आरती उतारी। इसके बाद रामनवमी समिति के सदस्य नवीन गर्ग, राम शर्मा, मुकेश रामलाल, आलोक अग्रवाल, मुकेश लॉटरी और दिनेश अग्रवाल सहित सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की और शोभायात्रा को आगे बढ़ाया। भक्ति और उत्साह से सराबोर यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों जशपुर रोड, रायगढ़ रोड और अंबिकापुर रोड से होकर गुजरी। रास्ते भर श्रद्धालु नाचते-गाते, डीजे की भक्तिमय धुनों पर झूमते और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते नजर आए। पूरे नगर में त्योहार जैसा माहौल बना रहा। शोभायात्रा का विशेष आकर्षण बाहर से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई भव्य झांकियां रहीं। नंदी पर विराजमान भगवान शंकर और माता पार्वती की मनमोहक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं रामभक्त हनुमान जी का जीवंत स्वरूप, संजीवनी लिए बंदरों की टोली और भालू के रूप में सजे कलाकारों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगरवासियों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर यह यात्रा अंत में पुनः सतनारायण मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी, जहां भगवान श्रीराम की महाआरती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर पत्थलगांव में निकली यह भव्य शोभायात्रा नगरवासियों के लिए आस्था, संस्कृति और एकता की प्रतीक बन गई।

## सीएम साय ने बगिया में की दुर्गा पूजा



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह निवास बगिया में चौत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी पर परिवार सहित विधि-विधान से मां दुर्गा कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री निवास में चौत्र नवरात्र के पर रामनवमी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 25 मार्च से प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ शामिल होकर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहे हैं।

- चैत्र नवरात्र पर बगिया में मां दुर्गा की स्थापना

25 मार्च को चौत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी पर कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना पूजन, हवन, आरती लीला भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। 26 मार्च को चौत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी पर पूजन, हवन, आरती प्रवचन, लीला, भजन कीर्तन, 27 मार्च को चौत्र शुक्ल पक्ष नवमी में पूजन, हवन, आरती, नवकन्या पूजन, पूर्णाहूति आरती, रात्रि लीला, भजन कीर्तन, 28 मार्च को चौत्र शुक्ल पक्ष दशमी सहस्त्र स्नान, आशीर्वाद मूर्ति विसर्जन प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिशा, झारखंड और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरे कार्यक्रम का संचालन धर्म संस्थापक स्वामी धनपति पण्डा महाराज (गुरुधाम मुंडियापानी, लैलूंगा, रायगढ़) के आशीर्वाद में किया जा रहा है। चौत्र नवरात्रि में यह महायज्ञ वर्ष 1993 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रतीक बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में भक्ति संगीत, कथा-प्रवचन और विविध धार्मिक अनुष्ठानों से बगिया पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा।

### वाहन की टक्कर से गंभीर वृद्ध ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक विवाह के लिए लड़की देखने गया था वहां से वापस आते समय रास्ते अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी अमर सिंह आ. स्व. माना (60 वर्ष) 23 मार्च को गांव के ही गजेन्द्र सिंह, रतिराम व पारस के साथ बेटा के विवाह के लिए ग्राम अमगांव में लड़की देखने जाने की बात कर निकला था। चारों अलग-अलग बाइक से अमगांव गए थे जहां से बाकी तीनों लोग वापस गांव लौट आए जबकि अमर सिंह अमगांव में ही अपने घर रुक गया। इसी बीच शराब पीने के पश्चात घर वापस लौट रहा था तभी ग्राम तिलसवा के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण सड़क किनारे अचेत हालत में पड़ा हुआ था। घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।

## कुनकुरी में आयोजित शिविर में 127 का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में दिव्यांगजनों के लिए प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड बनाए गए। साथ ही पेंशन योजनाओं, सहायक उपकरण, दिव्यांग ऋण आदि के लिए भी आवेदन प्राप्त किए गए, जिससे दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में कुल 127 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिसमें 53 के प्रमाण पत्र एवं कार्ड बनाए गए। 6 हितग्राहियों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया, 5 ने दिव्यांग ऋण के लिए आवेदन किया, 15 ने पेंशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए तथा 6 लोगों ने पेंशन संबंधी जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त 16 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह शिविर दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा उनकी आवश्यकताओं को एक ही मंच पर पूरा करने की दिशा में सार्थक प्रयास साबित हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 16 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण जैसे हस्तचलित ट्रायसाइकिल, मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, बैशाखी एवं वॉकिंग स्टिक का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला साय पैकरा, उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती प्रतिमा भगत, वरिष्ठ नागरिक राजकुमार गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ में कन्याभोज 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**जशपुरनगर।** चैत्र नवरात्रि के महानवमी के पावन पर्व में गायत्री शक्तिपीठ जशपुर में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ पूरे विधि विधान से श्रद्धालुओं ने यज्ञाग्नि में आहुति प्रदान की। जिसमे 4 पालियो में श्रद्धालुओं ने हवन किया एवं गायत्री मंत्र , महामृत्युंजय मंत्र मंत्र से आहुति प्रदान करते हुए पूरे विश्व के कल्याण की कामना की गई। इसके साथ माँ दुर्गा की भी स्तुति करते हुए आहुतियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में राम भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गयी। मंच का संचालन महिला मंडल स्कूल के द्वारा किया गया जिसमें श्रीमती निद्रावती चौहान, तूलिका पाठक, श्वेता दुबे, माया एवं राजेश्वरी साहू के नाम शामिल है। यज्ञ के दौरान श्वेता दुबे ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन मे उपासना स्वाध्याय संयम सेवा के गुणों को अपनाकर अपने जीवन को महान बनना चाहिये। उन्होंने सभी को स्वच्छता एवं स्वाध्याय के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र के जप ध्यान से आयु, कीर्ति, धन एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। मुख्य ट्रस्टी साहदुल सिंह ने कहा कि रामनवमी का यह पावन पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों सत्य, धर्म, त्याग और समर्पण को जीवन में उतारने का संदेश देता है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के सभी प्रज्ञा संस्थानों में कलश स्थापना की गई थी।

- जशपुर जिले के सभी गायत्री प्रज्ञापीठो में हुई नौ दिवसीय साधना

#### कराया गया कन्या भोज

इस दौरान नौ कन्यायों को सर्वप्रथम मंत्रोचार के साथ कन्यापूजन किया गया एवं उन्हें विधिवत कन्याभोज कराया गया उन्हें उपहार दिए गए । जिसमें गायत्री परिजनों के साथ ही नगर की माताओं बहनों ने कन्या भोज में सभी नौकन्यायो को प्रसाद फल मिष्ठान आदि से उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार ट्रस्ट मंडल जशपुर एवं नगर एवं आस पास के गांवों के नागरिकों, माताओं, बहनों का सहयोग सराहनीय रहा।

### चोरों ने अस्पताल एवं बाजार से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर से बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कभी चोर कोतवाली क्षेत्र में तो कभी गांधीनगर क्षेत्र से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। चोरों ने गांधीनगर व कोतवाली क्षेत्र से अलग-अलग घटनाओं में अस्पताल के सामने एवं बाजार से बाइक को पार कर दिया। पुलिस ने दोनों मामले में चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुसमी अंतर्गत ग्राम घुघरीकला निवासी बलेश्वर आ. लुडधू राम शहर के सुभाष नगर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता है। रविवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 2994 से बुधवारी बाजार अजिरमा सब्जी लेने गया था। मजदूर बाजार में बाइक को खड़ा कर सब्जी खरीदने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई।


## मुख्यमंत्री ने कुनकुरी कबीर आश्रम के सदस्यों को सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज कैम्प कार्यालय बगिया में कुनकुरी विकासखंड के वार्ड सभा कुनकुरी के कबीर आश्रम के सदस्यों को सामुदायिक वन अधिकार पत्र का वितरित किए। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिस अधिकारी डॉ. लाल सिंह उम्मेद और अन्य नागरिक गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक वन अधिकार पत्र देने का उद्देश्य क्षेत्र के पर्यावरण, आजीविका तथा जैव विविधता को सुरक्षित रखना है। साथ ही गांव के वन सुरक्षा समिति को सक्रिय करना और वनों को सुरक्षित और समृद्ध बनाकर रखना है।

### बाइक सवार को टक्कर मारते 40 फीट गहरे खाई में गिरा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचे सवार

**लखनपुर।** बाइक सवारों को टक्कर मारते तेज रफ्तार ट्रैक्टर सड़क किनारे लगभग 40 फीट खाई में गिर गई। दुर्घटना में बाइक सवार और ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गए। पुलिस जांच में जुटी गई है। अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित कुंवरपुर जलाशय मोड़ के पास 25 मार्च की रात लगभग 7.30 बजे बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग 40 फीट खाई में गिर गई।



# वाल्मीकि रामायण की पहली झलक जारी, राम के दिखे चरण

**मुंबई।** आगामी फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर भगवान राम के चरण दिखाए गए हैं। यह तस्वीर आस्था, करुणा और पवित्र यात्रा शुरू करने से पहले आशीर्वाद लेने के काम को दिखाती है। यह फिल्म इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी। फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता भावना तलवार ने संभाली है। गुरुवार साझा किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब तक पहाड़ खड़े रहेंगे और नदियां बहती रहेंगी, रामायण जिंदा रहेगी'। बता दें कि यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक मजबूत टीम एक साथ काम कर रही है।

## लाइफ Style



# जैस्मिन

## पंजाब की मिट्टी ने दी आवाज

अपनी दमदार आवाज और रूहानी सुरों से जैस्मिन सैंडलस मे अपना एक अलग मुकाम बनाया है। पंजाब से शुरू हुई जैस्मिन की कहानी आज उनके गानों के जरिए फैंस की जुबान पर हैं। एक वक्त था जब सिंगर बुरी तरह टूटीं मगर जब वो दोबारा उठीं तो सिंगिग की दुनिया की 'धुरंधर' बन गईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आदित्य घर की 'धुरंधर' से एक तरह से जैस्मिन को दोबारा बड़े लेवल का चांस मिला। पहले पार्ट में 'धुरंधर' के टाइटल गाने से जैस्मिन की शुरूआत हुई। इसी फिल्म में उन्होंने 'शरारत' भी गया जो भारत समेत सीमा पार कर पाकिस्तान में खूब लोकप्रिय हुआ। 'धुरंधर द रिवेंज' में शाश्वत सचदेव के म्यूजिक कंपोजीशन में ज्यादातर गानें जैस्मिन सैंडलस के ही नाम रहे। साथ ही मशहूर पंजाबी सिंगर सतिंदर सरताज के साथ काम करने का जैस्मिन का सपना भी 'धुरंधर द रिवेंज' से पूरा हो गया। आज सिंगर एक बार फिर चर्चा में हैं और अपनी सफलता का जश्न मना रही हैं। 'धुरंधर' और 'धुरंधरः द रिवेंज' के बाद सिंगर जैस्मिन सैंडलस को फैंस का काफी प्यार मिल रहा है। मगर पंजाब की गलियों से लेकर आज स्टेज पर आग लगाने तक का सफर जैस्मिन के लिए आसान नहीं था। अपनी कड़ी मेहनत और मां के सपोर्ट के दम पर आज जैस्मिन की आवाज जगह-जगह गूंज रही है। पंजाब में जन्मी जैस्मिन को बचपन से ही गाने का बड़ा शौक था। उनकी मां उन्हें लेकर सिंगिग के लिए स्कूल के प्रोग्राम में लेकर जाती। छोटी जैस्मिन को पारंपरिक पंजाबी गाने बहुत अच्छे लगते थे।

## हॉलीवुड मसाला



# ट्रेलर देख रोंगटे हो जाएंगे खड़े

**लॉस एंजिल्स।** हांगकांग की आगामी एक्शन फिल्म 'द फ्यूरियस' का ट्रेलर ही सामने आया है, लेकिन फिल्म के एक्शन को लेकर ये लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। 2 मिनट 6 सेंकड के इस ट्रेलर में इतनी बर्बरता और क्रूरता देखने को मिली है। कि आप एनिमल के रणविजय और धुरंधर के हमजा व रहमान डकैत की क्रूरता को भी रहम ही समझेंगे। फिल्म की कहानी वेई (शी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूह द्वारा अपहरण की गई अपनी बेटी की तलाश कर रहा है। वेई की मदद नवीन (तस्लीम) करता है।



# हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स... सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ के नए टीवी सीरीज हैरी पॉटर का ट्रेलर बुधवार देर रात जारी किया गया। राइटर जेके रोलिंग की किताब पर आधारित एचबीओ का यह अडैप्टेशन हैरी पॉटर की असल फिल्म सीरीज के काफी अलग होगी। इसकी झलक के साथ ही मेकर्स ने फैंस को एक सरप्राइज भी दिया है। मेकर्स ने साफ किया है कि यह सीरीज समय से पहले क्रिसमस 2026 पर रिलीज होगी। एक और चौंकाने वाली बता यह है कि इस सीरीज का ऑफिशियल टाइटल सिर्फ हैरी पॉटर नहीं, बल्कि हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन है। ऐसे में फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि यह इस टीवी सीरीज का सिर्फ पहला सीजन होगा। इसे फिल्म और नॉवेल की तरह ही कई पॉर्ट्स में रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के ट्रेलर में यंग हैरी और उसके दोस्त हरमाइनी ग्रेंजर व रॉन वीज्ली को हॉगवर्ट्स में अपने पहले साल में दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ सीन से यह तो साफ है मेकर्स ने फिल्म को सीन-ब-सीन कॉपी न करते हुए और डिटेल में कहानी बयां की है।



# टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

**मुंबई।** राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित 'टोस्टर' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट जारी करते हुए एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में राजकुमार राव नजर आते है, जो ये बताते हैं कि उनकी फिल्म 'टोस्टर' 5 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इसके साथ ही राजकुमार फिल्म में अपने किरदार और फिल्म की बाकी कास्ट के बारे में भी जानकारी देते हैं। फिल्म में राजकुमार राव रमाकांत नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो एक कंजूस व्यक्ति है। कैप्शन में मेकर्स ने बताया है कि 'ये एक जबर-टोस्ट कॉमेडी होने वाली है।' वीडियो में राजकुमार राव से एक मोनोलॉग बोलने के लिए कहा जाता है और उन्हें स्क्रिप्ट दी जाती है। लेकिन राजकुमार कहते हैं कि हर बार मोनोलॉग बोलना जरूरी थोड़ी है।



# आखिरी सवाल में होंगे मुख्य भूमिका में

**मुंबई।** संजय दत्त इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। संजय दत्त की अगली फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। इसका नाम 'आखिरी सवाल' है। संजय दत्त फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। गुरुवार को फिल्म आखिरी सवाल का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है। आखिरी सवाल के निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। आखिरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। इसकी पटकथा उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। यह फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आखिरी सवाल फिल्म में संजय के अल्वा अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, नीतू चंद्रा और त्रिधा चौधरी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** सीरियल अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच पिछले कई हफ्तों से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बने रहने की जंग चल रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास' ने बाजी मारी है। एक बार फिर टीआरपी क्वीन का खिताब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तुलसी के सिर पर सजा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 सीरियल को दसवें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली थी, ग्यारहवें हफ्ते भी इसने अपने टीआरपी को बरकरार रखा है। 2.0 की टीआरपी के साथ यह लिस्ट में पहले स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहा है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का स्पीन ऑफ सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' हाल ही में शुरू हुआ है। इस सीरियल को ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इस सीरियल की टीआरपी 1.9 रही है। दसवें हफ्ते में सीरियल 'अनुपमा' 1.9 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर था, लेकिन ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। इसकी टीआरपी कम हुई है, ग्यारहवें हफ्ते में इसकी टीआरपी 1.8 रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर सीरियल 'वसुधा' है, इसकी टीआरपी 1.8 है। वहीं ,पांचवें नंबर पर सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' रहा है, इसकी टीआरपी 1.8 है। हाल ही में खत्म हुए रियलिटी शो 'द 50' की टीआरपी ग्यारहवें हफ्ते में भी काफी कम रही है, इसको 0.6 की टीआरपी मिली है। यह रियलिटी शो 'बिग बॉस' जैसे जादू दर्शकों पर नहीं चला पाया है।

## अब घर बैठे देख सकेंगे मर्दानी-3

**नई दिल्ली।** रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' अगर आपने सिनेमाघरों में नहीं देखी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं। क्योंकि सिनेमाघरों के बाद अब फिल्म 'मर्दानी 3' ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट और प्लेटफॉर्म दोनों की घोषणा कर दी है। 'मर्दानी 3' शुक्रवार 27 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। खुद नेटफ्लिक्स की ओर से एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी साझा की गई है। फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, 'अपराधियों के बुरे दिन शुरू। शेरनी आ रही है शिकार करने। 27 मार्च को नेटफ्लिक्स पर मर्दानी 3 देखें।' अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित 'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी की 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है।



# एक दिन का गाना ख्वाब देखूं रिलीज दिखी जुनैद-साई की केमिस्ट्री

**मुंबई।** गुरुवार को जुनैद खान और साई पलल्वी की फिल्म 'एक दिन' का गाना 'ख्वाब देखूं' रिलीज हो चुका है। इस रोमांटिक गाने को साई और जुनैद पर फिल्माया गया है। यह एक



रोमांटिक गाना है। इस गाने को अरिजीत के साथ पार्श्वगायक तरन्नुम मलिक जैन ने गाया है, जो फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि 'ख्वाब देखूं' गाने का कुछ हिस्सा कुछ हफ्ते पहले रिलीज हुए 'एक दिन' के ट्रेलर में भी दिखाया जा चुका है। इस गाने को अरिजीत के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। 'एक दिन' एक रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर और केविन दवे सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे। आमिर खान की इस फिल्म की शूटिंग ज्यादातर जापान में हुई है। इस फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है। इसकी पटकथा स्नेहा देसाई और स्पंदन मिश्रा ने मिलकर लिखी है। वहीं, मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित इसके निर्माता हैं। 'एक दिन' 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# बिंदास और बेफिक्र इंसान होता है सबसे ज्यादा फैशनेबल : सिद्धांत

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने छोटे से कॅरियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। यही कारण है कि उनकी गिनती इंडस्ट्री के उभरते हुए सितारों में होती है। असल जिंदगी में काफी ग्राउंडेड नजर आने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने अब सोशल मीडिया पर फैशन के बढ़ते दबाव के बारे में खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर भी बताया। सिद्धांत चतुर्वेदी स्पष्ट तौर पर कहा कि मेरी पहली पहचान एक अभिनेता के रूप में है, न कि फैशन आइकन के रूप में। फैशन को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए सिद्धांत ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे फैशनेबल व्यक्ति वह है, जो ज्यादा नहीं सोचता, थोड़ा बेफिक्र और बिंदास होता है। आखिरकार किसी के व्यक्तित्व को देखकर उसका स्वैग अपने आप झलक जाता है। अगर आप ज्यादा सोचते हैं, तो आप दूसरों जैसा बनने की कोशिश कर रहे



होते हैं, मुझे ऐसा लगता है। एक्टर ने कहा कि मैं एक अभिनेता बनने आया हूं, मुझे वह अवसर मिला और आज मैं एक अभिनेता हूं। यही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। फैशन की बात करें तो, यह सब मेरी फिल्मों में ही है, मतलब वे हमें अच्छे कपड़े पहनाते हैं। मेरा मानना है कि सबका अपना-अपना फैशन होता है। मुझे साधारण रहना ज्यादा पसंद है। फैशन को किसी पर थोपना नहीं चाहिए। सिद्धांत चतुर्वेदी के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आए थे।

## शीश झुकाओ राम गुन गाओ, बोलो जय विष्णु के अवतारी...

# बॉलीवुड के इन गीतों में बसे हैं राम, रफी से लेकर किशोर ने दी आवाज

*नई दिल्ली। पूरे देश में रामनवमी पर भगवान राम के नाम की गूंज सुनाई दे रही है। हर कोई प्रभु राम की आराधना कर रहा है और रामनवमी की शुभकामनाएं दे रहा है। इस मौके पर जानते हैं बॉलीवुड के उन गानों के बारे में जिनमें सुनाई दी राम नाम की धुन। जानते हैं ऐसे ही कुछ प्रमुख राम भक्ति में डूबे गीतों के बारे में।*

### सुख के सब साथी दुख में न कोई

दिलीप कुमार-सायरा बानो की फिल्म गोपी का गीत 'सुख के सब साथी दुख में न कोई' प्रभु राम की आराधना में लिखा हुआ गीत है। इसे दिलीप कुमार पर फिल्माया गया है और इस गीत को गाया है मोहम्मद रफी ने। गाने में संगीत कल्याणजी-आनंदजी का है और शब्द राजेंद्र कृष्ण ने लिखे हैं। ये भजन आज भी काफी लोकप्रिय है।

### दुनिया में है तेरा बड़ा नाम...

1973 में आई धर्मेंद्र की फिल्म 'लोफर' में भगवान राम से जुड़ा एक भजन गीत सुनाई देता है- 'दुनिया में है तेरा बड़ा नाम।' ओमप्रकाश पर फिल्माये गए इस गाने को महेंद्र कपूर ने अपनी आवाज दी। गाने के बोल लिखे हैं आनंद बख्शी ने और संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया है।

### रामजी की निकली सवारी

ऋषि कपूर और जया प्रदा पर फिल्माया गया गीत 'रामजी की निकली सवारी' सरगम फिल्म का है। इस भजन को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से और भी मधुर बना दिया है। जबकि गाने के बोल आनंद बख्शी ने लिखे हैं। इसमें संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का है।





### राम का नाम बदनाम न करो

देव आनंद की 'हरे रामा हरे कृष्णा' फिल्म का गीत 'राम का नाम बदनाम न करो' एक सामाजिक संदेश देने वाला गीत है। इस गाने के शब्द युवाओं को संदेश देते हैं और नशे की आदत से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया है और आनंद बख्शी ने लिखा है। गाने में संगीत आरडी बर्मन का है।

### रघुपति राघव राजाराम

रघुपति राघव राजाराम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पसंदीदा भजन रहा है। इस भजन को कई हिंदी फिल्मों में भी इस्तेमाल किया गया है। अलग-अलग वर्जन और अलग-अलग लिरिक्स के साथ इन पंक्तियों का इस्तेमाल किया गया है। मनोज कुमार की पूरब और पश्चिम में जहां यह भजन के तौर पर सुनाई देता है। वहीं, ऋतिक रोशन की 'कृष 3' में इन पंक्तियों को मॉडर्न म्यूजिक के साथ एक गाने ते कौर पर इस्तेमाल किया गया है।

### जय श्रीराम जय श्रीराम

साल 2023 में आई प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष रामायण पर आधारित बताई गई थी। लेकिन, फिल्म अपने डायलॉग और किरदारों को लेकर काफी आलोचनाओं में रही थी। हालांकि, भगवान राम की आराधना करने वाला इस फिल्म का गीत 'जय श्रीराम' काफी पॉपुलर हुआ था और लोगों ने इसे पसंद किया था। इस गाने को अजय-अतुल ने गाया है और उन्होंने ही संगीत दिया है। जबकि गाने को लिखा मनोज मुंतशिर ने है।

## खबर संक्षेप

### सरिया में दो आंगनबाड़ी केंद्रों का भूमिपूजन

सरिया। नगर में दो नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आज विधिवत भूमि पूजन किया गया। दोनों केंद्रों के निर्माण हेतु 12.12 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। जिससे क्षेत्र के बच्चों एवं माताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस गरिमामय अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में दो स्थानों पर नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया है जिसका उद्देश्य बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है इस मौके पर नगर में अधिक कमलेश अग्रवाल ने आगे कहा कि इन भवनों के निर्माण से बच्चों को बेहतर पोषण स्वास्थ्य जांच और पूर्व विद्यालय शिक्षा के लिए एक बेहतर योजना के रूप में आंगनबाड़ी भवन कार्य करेगा वार्ड क्रमांक 3 एवं 15 में नवीन आंगनबाड़ी भवन बनने के बाद आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों महिलाओं व कार्यकर्ताओं को समस्या से निजात मिलेगा इसके लिए 12-12 लख रुपए स्वीकृत हुए हैं और आज इसका भूमि पूजन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है जिस वार्ड में हर्ष व्याप्त है।

### खीरसागर बने भाजपा चंद्रपुर मंडल पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष

चंद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी संगठन में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए चंद्रपुर मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल के आदेशानुसार तथा चंद्रपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष तिलेश माली की अनुशंसा पर खीरसागर यादव को चंद्रपुर मंडल में पिछड़ा वर्ग ओबीसी उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। खीरसागर यादव लंबे समय से पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है, जिसके चलते पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।



### सारंगढ़ में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

कटेली। सारंगढ़ में सुबह 7 से 11 और शाम 4 से 7.30 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। सारंगढ़ नगर में सड़क दुर्घटना से बचाव एवं लोक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित किया है। जारी आदेश अनुसार सारंगढ़ में सुबह 7 से 11 और शाम 4 से 7.30 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।

## निधन

### रूद्र प्रसाद शर्मा

पुसौर। ग्राम बासनपाली के शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत रूद्र प्रसाद शर्मा का निधन हो गया। उनसे जुडे लोगों के साथ ही पुसौर के शिक्षक साथी उनके परिवार, समाज, संबंधित शिक्षा विभाग का अपूर्णीय क्षति बताया। लगभग 52 वर्ष में ही सभी जिम्मेदारियों से दैविक काल वश हाथ खीच लिया। शिक्षा विभाग भी इनके कार्यशैली पर नाज था।



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 2025-26
ग्राम तोरा प.ह.नं 19
रा.नि.मं- गोबरसिंघा तहसील सरिया,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण प्रधान पिता कैरू प्रधान निवासी तोरा तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने माता फुलटोली का मृत्यु दिनांक 12.10.2011 (शब्दों में बारह अक्टूबर दो हजार ग्यारह) को ग्राम तोरा में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 10.04.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सरिया**

## शहरी क्षेत्र में अभी भी है जागरुकता की कमी, परिवार को दी गई समझाइश

# सरकारी कानून को आज भी लोग दिखाते हैं ठेंगा, नाबालिग का कर रहे थे विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रामनवमी के पावन अवसर पर रायगढ़ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की सतर्कता से एक नाबालिग बालिका का विवाह होने से रोक दिया गया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि शहरी क्षेत्र में 16 वर्षीय बालिका का विवाह कराया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने बिना देर किए मौके पर दबिश दी। उस समय विवाह की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और बारात के प्रस्थान की तैयारी चल रही थी।

टीम ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए विवाह की प्रक्रिया को रुकवाया और परिजनों से बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। दस्तावेजों के सत्यापन में जो तथ्य सामने आए उन्होंने सभी को चौंका दिया। बालिका की आयु मात्र 16 वर्ष 05 माह 13 दिन पाई गई, जो कि विधि द्वारा निर्धारित न्यूनतम वैवाहिक आयु 18 वर्ष से काफी कम है। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से विवाह रुकवा दिया और स्पष्ट कर दिया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बालिका के परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशासनिक टीम ने परिजनों से एक लिखित घोषणा पत्र भी भरवाया, जिसमें उन्होंने यह शपथ ली कि बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले उसका विवाह नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही सामुदायिक भवन के संचालक को भी मौके पर तलब किया गया और सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में किसी भी वैवाहिक कार्यक्रम के लिए भवन किराए पर देने से पहले वर-वधु के आयु प्रमाण पत्रों का अनिवार्य रूप से सत्यापन करें। कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, विधिक सह.परिवीक्षा अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक, पुलिस विभाग के आरक्षक तथा संबंधित वार्ड के पार्षद की सक्रिय भूमिका रही। सभी के समन्वय से यह संभव हो सका कि एक नाबालिग बालिका को समय से पहले विवाह के बंधन में बंधने से बचा लिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई हैए बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है।

## डोलोमाइट खदान में अवैध उत्खनन पर बवाल, पंचायत प्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरिया तहसील अंतर्गत ग्राम कटंगपाली में डोलोमाइट खदान पर अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। आरोप है कि क्रशर संचालकों द्वारा नियमों को दरकिनार कर बिना रॉयल्टी के खनन और परिवहन किया जा रहा था। गुरुवार को ग्राम पंचायत की सामान्य बैठक के बाद सरपंच पुष्पा मिरी के नेतृत्व में पंच-प्रतिनिधि खदान स्थल पहुंचे। यहां पोकलेन मशीनों से खनन कर हाईवा वाहनों में सामग्री परिवहन किया जा रहा था, लेकिन मौके पर रॉयल्टी से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर पंचायत पदाधिकारियों ने विरोध जताते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान 4 पोकलेन मशीन और 2 हाईवा मिला, जो बिना रॉयल्टी पर्ची के चलाए ज रहे थे। विभाग द्वारा पंचनामा बनाया गया, इसके बाद मामला शांत हुआ। कार्रवाई के दौरान सरपंच ने क्षेत्र में धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी छिड़काव नहीं होने की शिकायत भी की। जिस पर अधिकारियों ने तत्काल निर्देश जारी किए। इस पूरे घटनाक्रम में महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। महिला पंच कविता सिदार अपने छोटे बच्चे के साथ मौके पर डटी रहीं, वहीं अन्य ग्रामीण और पंच भी कार्रवाई की मांग को लेकर अडिग रहे। खनिज विभाग के निरीक्षक दीपक पटेल ने बताया कि मामले में पंचनामा तैयार कर उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जाएगाए जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन के बड़े दायरे को देखते हुए अधिकारियों और खनन माफिया के बीच संभावित सांठगांठ पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही यह भी प्रश्न खड़ा किया जा रहा है कि कार्रवाई में इतनी देरी क्यों हुई।

## लोचन नगर दुर्गा मंदिर में नवमी पर भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर लोचन नगर स्थित दुर्गा मंदिर में शुक्रवार को दुर्गा नवमी के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। नवमी के दिन प्रातःकाल व्रतधारियों द्वारा विधि.विधान से हवन.पूजन किया गया। इसके पश्चात परंपरा अनुसार नौ कन्याओं का पूजन एवं उन्हें भोजन कराया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ प्रसाद वितरण शाम 4 बजे तक चलाए जिसमें लोचन नगरए पहाड़ मंदिर सहित शहर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए और मातारानी का प्रसाद ग्रहण किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में विशेष पूजा.अर्चना और धार्मिक आयोजन होते रहेए जिससे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। मंदिर समिति एवं मोहल्लेवासियों के सहयोग से आयोजित इस भंडारे में व्यवस्था और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मां दुर्गा से सुख.समृद्धि की कामना की।

### दुर्घटना में घायल 8 वर्षीय बालक को छोड़ भागे युवक

बिलासपुर। सिम्स में उस समय हड़कंप मच गया, जब लगभग 8 वर्षीय अज्ञात बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल के आपातकालीन विभाग के बाहर छोड़कर अज्ञात लोग फरार हो गए। इसकी जानकारी इमरजेंसी के ड्यूटी दे रहे डॉ राजेन्द्र सिंह ने मेडिकल सुपरिटेंडेट डॉ लखन सिंह दी और बच्चे का इलाज शुरू किया गया। सिम्स द्वारा वायरल किए फोटो के आधार पर बच्चे की पहचान हो चुकी है, वहीं उसे सिम्स के वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार छोटी कोनी निवासी आयन खान पिता हसन खान को दुर्घटना में घायल होने के बाद सुबह करीब 9 बजे कुछ लोग सिम्स पहुंचाया, लेकिन लेकिन इमरजेंसी वार्ड के बाहर से छोड़ अज्ञात लोग गायब हो गए। बताया जा रहा है कि इस दौरान बच्चे होश में नहीं था। ऐसे में उसे भर्ती करने को लेकर सिम्स के डाक्टर भी परेशान होते रहे, हालांकि इमरजेंसी के डाक्टरों ने उसकी हालत देखते हुए इलाज जारी रखा। इमरजेंसी में ड्यूटी दे रहे डॉ राजेन्द्र सिंह ने मेडिकल सुपरिटेंडेट डॉ लखन सिंह को इसकी सूचना दी। बच्चे के होट फट चुके थे ऐसे में पहले होटों में टांका लगाया गया और पैर फैक्चर होने के बाद प्लास्टर बांधा गया है।

## सामूहिक उपनयन संस्कार में शामिल हुए उमेश



पुसौर। तहसील मुख्यालय पुसौर में पिछले कई वर्षों से उत्कल ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित हो रहे सामूहिक उपनयन संस्कार में प्रदेश के पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत सहित सैकडों की संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे। जानकारी के मुताविक नगर पंचायत कार्यालय परिसर में 12 बेदी में 13 बटुकों का उपनयन संस्कार होने जा रहा है जिसका चार कर्म कार्यक्रम रामनवमी के दिन हुआ जिसमें ये उपस्थित हुए। इनके पहुंचते ही आयोजक मंडल ने बडे ही उत्साह एवं सम्मान के साथ इन्हें मंच में ले गये जहां बुके देकर बारी बारी से स्वागत किया। उन्होंने अपने उदबोधन में उक्त आयोजन को लेकर उत्कल ब्राम्हण समाज के लोगों का सराहना किया और कहा कि ऐसे सामूहिक हित के विचार को मुर्तरूप देकर ही समाज में विकास लाया जाता है। मंच संचालक द्वारा इन्हें आशीर्वचन देने के साथ उद्बोधन देने के निवेदन पर उन्होंने कहा कि हम ब्राम्हणों से आर्शीर्वाद लेते हैं, ऐसी मान्यताएं हैं। लगातार 15 साल हुए इस आयोजन को लेकर उन्होंने आयोजक मंडल के पदाधिकारियों की सराहना की । कहा कि भगवान इस समिति को इतनी ताकत दे कि लगातार इस तरह का आयोजन होता रहे जिससे कि समाज में एकता और अखंडता बनी रहे और ब्राम्हण पुत्रों के द्विज बनने तक का सफर आसान हो सके। अंत में उन्होंने प्रधान आचार्य के भूमिका में रहे पं. गुणनिधि सतपथी का आशीर्वाद लेने उनके व्यास पीठ पर पहुंचे।

# एनएमएल तिलाईपाली में कौशल प्रमाणन व सिलाई मशीन वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा




एनएमएल तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा सामुदायिक विकास पहल के अंतर्गत कौशल प्रमाणन एवं 51 सिलाई मशीन वितरण किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रभावित क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ सिलाई मशीनें प्रदान की गईं, जिससे उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम, अखिलेश सिंह परियोजना प्रमुख, एनएमएल तलईपल्ली तथा श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्ष, तिलोत्तमा महिला समिति की उपस्थिति रही। इस दौरान परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं लेडीज क्लब की पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में श्री अधिकारी ने परियोजना के प्रयासों की सराहना करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। अखिलेश सिंह ने महिलाओं को निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह पहल महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बाइक चोरी करने वाला ढाबा कर्मचारी गिरफ्तार

बिलासपुर। दुर्गा पंडाल के पास बाइक चोरी करने वाले ढाबा संचालक के कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाइक चोरी में शामिल उसका भाई पहले से आर्म्स एक्ट के मामले में जेल में बंद है। पिछले दिनों चकरभाठा पुलिस ने बिना नम्बर की 7 बाइक जब्त की थी। एक बिना नम्बर की बाइक को होईकोर्ट रोड स्थित गुरूनानक ढाबा से जब्त किया गया था। उस दौरान ढाबा संचालक ने टीआई श्री साहू पर थाने में उनके साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट करने का आरोप लगाया था। सोशल मीडिया में उनका वीडियो जोरों से वायरल हो रहा था। जांच में उक्त बिना नम्बर की बाइक चोरी की निकली थी। सितम्बर 2025 में उक्त बाइक रिवरव्यू के पीछे आर्दश दुर्गा उत्सव समिति पंडाल के पास से चोरी हुई थी।

## रामलीला मंचन में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर में पिछले कुछ वर्ष से रामलीला मंचन एवं उसके पूर्व रामनवमी पालन के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और इस वर्ष यहां के प्रायः पार्षद गणों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर जहां अपनी लोगों से जुडाव होने का तस्वीर पे किया है। वहीं अपनी भगवान राम के प्रति श्रद्धा का भी परिचय दिया है। इसके पूर्व नगर के जात्रा पार्टी, श्रीराम युवा कीर्तन पार्टी, महिला कीर्तन पार्टी सहित अन्य कीर्तन पार्टियों के जरिए कलश यात्रा निकाली गई जो बडे तालाब तक पहुंची और वहां से जल लेकर पुनः मंदिर वापस आये। इस बीच उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षदों में बलराम सौंरा, रूपेश साव, निराकार पटेल, शौकीलाल चौहान, फगुलाल प्रधान, प्रदीप यादव, रितेश थवाईत तथा अन्य गणमान्यों में विजय महाणा, सुरेश महाणा, नारायण साव, अनिल यादव, बसंत यादव,, प्रविण साव, रमेश गुप्त, पालेश्वर गुप्ता, जगन्नाथ प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# फुटबॉल चैंपियनशिप में नारायणपुर ने दंतेवाड़ा को 4-1 से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लारा की मेज़बानी में हुई यू 20 अंतर जिला स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 में एक रोमांचक और मुकाबला देखने को मिला, जिसमें नारायणपुर ने दंतेवाड़ा को 4.1 के बड़े स्कोर से हराया। मैच से पहले दंतेवाड़ा ने टॉस जीता, जिसका ऑफिशियल उद्घाटन सुभाष ठाकुर ने किया। खिलाड़ियों और मौजूद लोगों को संबोधित करते हुएए उन्होंने टीम भावना, अनुशासन के साथ खेल ने को आग्रह किया। साथ ही खेल कूद का बढ़ावा एवं युवाओं की विकास के लिए एनटीपीसी लारा द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का जिक्र किया। इस इवेंट में कई जाने.माने लोग मौजूद थे, जिनमें छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के ऑनरेरी जनरल सेक्रेटरी जीडी गांधीय वाइस प्रेसिडेंट डॉण अजय सिंहय रायगढ़ प्रेसिडेंट और अंडर.20 सिलेक्टर मुकेश चटर्जीय रामबहादुर लामाय सुनील कुमार रावय और रायगढ़ के सेक्रेटरी संजय सिंह ठाकुर शामिल थे। केशव चंद्र सिंघा रॉय और प्रेसिडेंट श्रीमती रेखा ठाकुर भी मौजूद थीं, जिन्होंने युवा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और चैंपियनशिप के ऑर्गनाइज़ेशन की तारीफ़ की। मैच में ज़बरदस्त एनर्जी और स्किल देखने को मिली, जिसमें नारायणपुर ने पूरे समय दबदबा बनाए रखा और दंतेवाड़ा पर 4.1 से अच्छी जीत हासिल की। अपनी आखिरी बात मेंए वाइस प्रेसिडेंट ने लारा को इतने अच्छे से इवेंट ऑर्गनाइज़ करने और युवा फुटबॉलर्स को अपना टैलेंट दिखाने के लिए एक प्लेटफ़ॉर्म देने के लिए दिल से धन्यवाद दिया। यह चैंपियनशिप एनटीपीसी लारा के स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने और इलाके में ज़मीनी टैलेंट को आगे बढ़ाने के लगातार कमिटमेंट का सबूत है।

## जिला अस्पताल में साढ़े 4 हजार से अधिक सिकलसेल की जांच, मिला नया जीवन




कटेली। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों से जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम और उपचार के लिए संचालित शिनशुल्क सिकलसेल सह उपचार केंद्रश सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के कुशल मार्गदर्शन एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक जायसवाल के नेतृत्व में इस केंद्र का संचालन किया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूपए जिले के नागरिकों को सिकलसेल जैसी गंभीर बीमारी से राहत दिलाने के लिए अस्पताल प्रबंधन पूरी सजगता से कार्य कर रहा है। पैथोलॉजिस्ट डॉ. रमेश साहू एवं उनकी विशेषज्ञ लैब टीम के द्वारा केंद्र के प्रारंभ होने से लेकर अब तक 4895 मरीजों की सूक्ष्मता से जांच की गई है। लैब स्टाफ के निरंतर सहयोग से जांच प्रक्रिया को त्वरित और पारदर्शी बनाया गया है।

